# सफारी एक्सप्रेस

JANUARY-FEBRUARY-MARCH-2025



## निदेशक की कलम से

इटावा सफारी पार्क, इटावा द्वारा इस त्रैमासिक न्यूज लेटर के पंचम अंक के माध्यम से माह जनवरी, फरवरी एवं मार्च 2025 में सफारी पार्क में हुई मुख्य गतिविधियों को संक्षेप में प्रस्तुत किया जा रहा है। यह सम्पूर्ण अंक सफारी पार्क एवं वन्यजीव संरक्षण को समर्पित है जिसमें सफारी पार्क में पाए जाने वाले वन्यजीवों एवं उनसे सम्बन्धित जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है। इटावा सफारी पार्क द्वारा इन तीन माह में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया।

हमें हर्ष है कि इस न्यूज लेटर के माध्यम से सफारी पार्क के सामान्य क्रियाकलापों के साथ–साथ वन्यप्राणियों के संरक्षण हेतु इटावा सफारी पार्क प्रबन्धन द्वारा की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों से आपका परिचय कराया जा रहा है।

(डा. अनिल कुमार पटेल)
भा.व.से.
निदेशक
इटावा सफारी पार्क, इटावा



Address :
Director, Etawah Safari Park
Etawah Gwalior Road,
Etawah - 206001
Phone : +91-7839435094
Email : dirlsetawah@gmail.com

Etawah Safari Park remains closed for tourists on Monday

FACEBOOK INSTAGRAM TWITTER

# नूतन वर्ष 2025 का आयोजन

इटावा सफारी पार्क प्रबंधन द्वारा सोशल मीडिया के जरिए पर्यटकों को सफारी तक लाने में शुरू किये गये प्रयास रंग लाए है। इटावा सफारी पार्क में बड़ी तादाद में वन्यजीव भी हैं लेकिन सबसे बड़ा आकर्षण एशियाटिक शेरों का ही है जिनको देखने के लिए पर्यटक यहां पहुंचते हैं। जिसके चलते नव वर्ष के उपलक्ष में 2000 से अधिक पर्यटकों ने सफारी पार्क का भ्रमण किया। नव वर्ष के उपलक्ष में सफारी पार्क भ्रमण का पहला टिकट लेने वाले आगरा निवासी अश्वनी सिंह को एवं अंतिम टिकट लेने कासगंज के अनमोल सिंह को सम्मानित किया गया। इसके अलावा लकी ड्रा हेतु छोटे–छोटे बच्चों से पर्ची निकलवायी गयी जिसमें आलोक, मुनीशा को नववर्ष का उपहार दिया गया है।
















## मा0 केन्द्रीय मंत्री का सफारी भ्रमण

मा0 केन्द्रीय मत्स्य, पशुपालन और दुग्ध विकास एवं पंचायतीराज राज्यमंत्री प्रो0 एस0पी0 सिंह बघेल ने इटावा सफारी पार्क का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान सफारी पार्क के ईको रेस्टोरेशन एवं लैण्डस्कैप की सराहना की गयी तथा इटावा जनपद के लिए अद्वितीय उपलब्धि बताया।




## प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव उ0प्र0, का सफारी भ्रमण

प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उत्तर प्रदेश, लखनऊ श्रीमती अनुराधा वैमुरी द्वारा दिनांक 04 जनवरी 2025 को इटावा सफारी पार्क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा इटावा सफारी पार्क की समस्त व्यवस्थाओं को देखकर सफारी के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।




## ताज महोत्सव में सफारी पार्क का प्रदर्शन

आगरा वन प्रभाग के अन्तर्गत ताज नेचर वॉक में दिनांक 28.02.2025 को ताज महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें इटावा सफारी पार्क का स्टाल लगाया गया, जिसमें ताज नेचर वाक में सभी सैलानियों को सफारी पार्क के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।




## इस त्रैमास में विशिष्टजनों का भ्रमण

- डा0 नितिन बंसल, कमिश्नर जीएसटी, उत्तर प्रदेश।
- श्री सुजॉय बनर्जी, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, उत्तर प्रदेश।
- श्री मुकुल त्रिवेदी, आई.एफ.एस., देहरादून।
- श्री इयान लुकास, निदेशक/प्रशिक्षण प्रबंधक सीरफार्मा प्राइवेट लिमिटेड, आस्ट्रेलिया।
- प्रो0 जयप्रकाश यादव, कुलपति, इन्दिरा गांधी विश्वविद्यालय (इग्नू)।
- श्री के0 शेखर, मुख्य श्रम आयुक्त, नई दिल्ली।
- श्री डी.एन.एस. सुमन, सेवानिवृत्त, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।
- डा0 मुरलीधर राम, क्षेत्रीय शिक्षा निदेशक, कानपुर मण्डल।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

इस त्रैमास में दिनांक 07.02.2025 को उत्तराखंड राज्य के देहरादून स्थित इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी से भारतीय वन सेवा के अधिकारियों का 01 बैच द्वारा इटावा सफारी पार्क का भ्रमण किया गया। इस बैच में वर्ष 2019, 2020, 2021 एवं 2022 बैच के अधिकारी मौजूद रहे।





## मा0 सदस्य, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश का सफारी भ्रमण

डा0 ए0के0 वर्मा, सदस्य, उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश द्वारा दिनांक 20.02.2025 को इटावा सफारी पार्क का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान मा0 सदस्य द्वारा सफारी पार्क मनोरम दृश्य की प्रंशसा करते हुए यहां की उत्तम व्यवस्था एवं कुशल प्रबन्धन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।





## नये मेहमानों का आगमन

- इस त्रैमास में दिनांक 16.03.2025 को इटावा सफारी पार्क की बब्बर शेरनी नीरजा द्वारा होली के अवसर पर तीन शावकों को जन्म दिया गया। शेरनी नीरजा व तीन नवजात शावक स्वस्थ है तथा शेरनी नीरजा द्वारा अपने शावकों का दूध पिला रही है तथा पूर्ण रूप से देखभाल कर रही है।
- सामाजिक वानिकी प्रभाग बिजनौर के चांदपुर रेंज के ग्राम लतीफपुर में दिनांक 17.03.2025 को 02 गुलदार (तेन्दुआ) शावक एक खेत में ग्रामीणों को मिले थे, जिन्हें मादा गुलदार (तेन्दुआ) द्वारा छोड़ दिया गया था। इन शावकों को निरन्तर उसकी मां से मिलाने का प्रयास बिजनौर वन प्रभाग की टीम द्वारा किया गया परन्तु मां द्वारा इन शावकों को स्वीकार न करने के कारण दिनांक 24.03.2025 को प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर इटावा सफारी पार्क में लाया गया।



## अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम

- इस त्रैमास में अनुभूति कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद इटावा के प्राथमिक विद्यालयों के छात्र–छात्राओं को सफारी पार्क का भ्रमण कराया गया।
- इस त्रैमास में वानिकी प्रशिक्षण संस्थान, कानपुर के वन्यजीव रक्षकों के 03 बैचों को सफारी पार्क का भ्रमण कराया गया।

मुख्य सम्पादक : डा0 अनिल कुमार पटेल, भा0व0से0
सम्पादकीय टीम : डा0 विनय कुमार सिंह, प्रा0व0से0, श्री बी0एन0 सिंह, प्रा0व0से0 (से0नि0)
डिजायन : शशांक पटेल